बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–16.08.2017

बिहार के 13 जिलों में लगातार बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वर्त्तमान में सारण जिले के भी कुछ क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार के द्वारा निरन्तर बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने की कार्रवाई की जा रही है। इसमें पूर्व से NDRF की 22 टीम 949 जवान 100 नाव, SDRF की 15 टीम, 421 जवान 82 नाव तथा सेना की 7 टुकड़ी 630 जवान 70 नाव के साथ युद्धस्तर पर आबादी निष्क्रमण एवं बचाव तथा राहत कार्य किया जा रहा है।

पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण के नए इलाके भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके लिए NDRF की 4 अतिरिक्त टीम भटिन्डा से आज लगभग 12.30 बजे अप0 में बिहटा हवाई अड्डा पर लैन्ड कर रही है, जिसे पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं सारण जिले में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है।

बाढ़ प्रभावित परिवारों के राहत के लिए सभी जिले में सामुदायिक रसोई घर (Community Kitchen) की शुरूआत की गयी है, जिसमें लोगों को सरकार की ओर से मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभावित इलाके में उपलब्ध लाईन होटल, आँगनबाड़ी केन्द्र, जीविका केन्द्र, रेलवे स्टेशन (कटिहार जिलान्तर्गत) को भी सामुदायिक रसोई घर (Community Kitchen) में तब्दील करने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त बाढ़ प्रभावित सभी परिवारों के बीच फूड पैकेट्स को बटवाने का निर्णय लिया गया है। इन फूड पैकेट्स में 5 किलो चावल, 1 किलो दाल, 0.5 किलो नमक, हल्दी का छोटा पैकेट, 2 किलो आलू, 2.5 किलो चुड़ा, 0.5 किलो चीनी, 1 किलो चना, हैलोजन टैबलेट आदि उपलब्ध रहेंगे।